

**रैली** एस डी एम द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# किसानों के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने निकाली बाइक रैली

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना ,30 जनवरी,** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार किसान कल्याण वर्ष 2026 की व्यापक जागरूकता के उद्देश्य से आज पांढुर्णा जिले में एक भव्य मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कृषि उपज मंडी प्रांगण से प्रारंभ होकर तीन शेर चौक, तार बाजार, शाह पेट्रोल पंप, बस स्टैंड होते हुए पुन: कृषि उपज मंडी प्रांगण में संपन्न हुई। रैली में लगभग 150 किसानों, जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता कर इसे सफल बनाया।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पांढुर्णा द्वारा कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में आयोजित इस बाइक रैली में एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अल्का एक्का, अनुविभागीय अधिकारी कृषि श्रीमती अर्चना डोंगरे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विनोद




लोखंडे, योगेश भलावी सहित जिले के प्रगतिशील किसान तथा कृषि, राजस्व, पशुपालन, उद्यानिकी, सहकारिता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार किसानों के प्रति सम्मान प्रकट करने, खेती को अधिक लाभप्रद बनाने के लिए जागरूकता लाने तथा कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं सहकारिता विभागों के माध्यम से किसानों को जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस रैली का आयोजन किया गया। इसके साथ ही साप्ताहिक जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार के प्रति जागरूकता, उर्वरक वितरण की नई व्यवस्था ई-विकास प्रणाली की जानकारी, धरती माता बचाओ अभियान अंतर्गत संतुलित उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देना, धरती माता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए नरवाई प्रबंधन की जानकारी देना तथा गौ पालन को प्रोत्साहित कर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना भी इस रैली के प्रमुख उद्देश्य रहे विदित हो कि शासन द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के क्रम में प्रदेश भर में किसानों के मध्य इस अभियान का वातावरण निर्मित करने के लिए पूर्व से ही जिले में कृषि रथ संचालित किए जा रहे हैं।

इसी अनुक्रम में जिला स्तर पर जिले के प्रगतिशील किसानों एवं विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों की उपस्थिति में इस भव्य मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिससे किसान कल्याण वर्ष 2026 के प्रति व्यापक जनजागरूकता का संदेश दिया गया।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण पखवाड़ा का शुभारंभ

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना ,30 जनवरी,** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर सिविल अस्पताल के सभा कक्ष में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। यह पखवाड़ा दिनांक 13 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसे स्पर्श अभियान नाम दिया गया है।



इस पखवाड़े के अंतर्गत सीएचओ, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर संभावित कुष्ठ रोगियों की खोज करेंगी, ताकि समय पर पहचान कर उपचार सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान डॉ. दिपेन्द्र सलामे (सीबीएमओ), डॉ. विनीत श्रीवास्तव, डॉ. मिलिंद गजभिये, डॉ. निलेश घाडसे (नोडल कुष्ठ अधिकारी), डॉ. घनश्याम लहरपुरे, सुरेश कुमार टेकाम (बीईई), श्रीमती सरिता उके (मेटन), राजेश हांडे (कुष्ठ निरीक्षक), देवराव कुमरे (एमआई) एवं रमेश चिकाने सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अपने ग्राम एवं शहर को कुष्ठ मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करने के लिए समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा शपथ लेकर संकल्प लिया गया कि वे प्रदेश को कुष्ठ मुक्त बनाने तथा पूज्य बापू जी के सपने को साकार करने के लिए सतत प्रयत्नशील रहेंगे।

# महात्मा गांधी के पुण्यतिथी पर कांग्रेसियों ने किया नमन

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,30 जनवरी** ,राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथी पर शुक्रवार को नगर के पारडी मार्ग पर स्थित क्षेत्रीय विधायक नीलेश उइके के जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी उपस्थित कांग्रेसियों द्वारा महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्याअर्पण कर उन्हें नमन करते हुए इनके बताएं मार्गो पर चलने के संकल्प को दौहराया। नगर के पारडी मार्ग पर स्थित क्षेत्रीय विधायक नीलेश उइके जनसंपर्क कार्यालय में राष्टपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथी पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिजनों द्वारा पुष्प अर्पित कर इन्हें नमन किया इस अवसर पर उपस्थितजनों को विधायक नीलेश उइके, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जतन उइके,नपा उपाध्यक्ष ताहिर अहमद पटेल,भरतसिंह ठाकुर,विश्वास काम्बे,अमोल धर्माधिकारी,अमजद खान,अनंता तायवाड़े आदि द्वारा महात्मा गांधी के जीवनी पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए ,इस अवसर पर बडी संख्या में कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी तथा सदस्यगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।





## ग्राम रामाकोना के गांधी स्मारक में दो मिनट मौन रह कर दी गई श्रद्धांजलि

**रामाकोना ,** महात्मा गांधी के भव्य स्मारक में गांधी जी की प्रतिमा को पूजा अर्चना के द्वारा फूलों के एवं सूत माला अर्पण कर दि गई श्रदांजलि एवं कांग्रेस गांधी विचार धारा वाले लोग रहे ऊपस्थित रहे गाँधी इस्मारक के सरभराकार के अध्यक्ष श्री भाऊराव जी चौधरी ने सभी का उपस्तिथियो का आभार माना गाँधी स्मारक के प्रतिमा के सामने सभी ने 30 जनवरी शुक्रवार दो मिनिट मोन रहकर बापू को दि गई श्रद्धांजलि इस अवसर भाऊराव जी चौधरी कादर भाई राजूजी ठोसरे नानाजी गोहेल सुनील तिवारी शकर धुनडे आकाश खंडाईत दादाजी ऊपासे पपु ठाकुर चंद्रशेखर गुरवे आदि महात्मा गाँधी अमर रहे के कार्यक्रम का समापन हुआ।

गोवंश तस्करी और गोमांस विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई के मांग को लेकर पुलिस को सौंपा ज्ञापन

# गौ माता की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरी युवा कांग्रेस

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,30 जनवरी,** जिले में लगातार सामने आ रहे गोवंश तस्करी और गोवंश मांस के अवैध क्रय-विक्रय के मामलों को लेकर आज कांग्रेस संगठन ने कड़ा रुख अपनाया। कांग्रेस युवक विधानसभा अध्यक्ष बंटी ठाकुर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा पुलिस थाने पहुच थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।




ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि विगत दिनों वरूड क्षेत्र से पांढुर्णा की ओर गोवंश का मांस लेकर आ रही दो महिलाओं को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, जो एक गंभीर अपराध का स्पष्ट प्रमाण है। इसके अतिरिक्त गुजरी क्षेत्र में रात्रि के समय फोर-व्हीलर वाहन से गोवंश तस्करी करते हुए आरोपियों का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया, बावजूद इसके अब तक ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।

**गौ माता की रक्षा सर्वोपरि: बंटी ठाकुर**

इस अवसर पर युवक विधानसभा अध्यक्ष बंटी ठाकुर ने सख्त शब्दों में कहा किगोवंश तस्करी और गोमांस का अवैध व्यापार न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि हमारी आस्था और संस्कृति पर सीधा हमला है। यदि समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो ऐसे अपराधियों के हौसले और बढ़ेंगे। हम मांग करते हैं कि तस्करी में शामिल हर व्यक्ति को चिन्हित कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही गोवंश तस्करी पर पूर्ण रूप से अंकुश नहीं लगाया गया, तो कांग्रेस और युवा कांग्रेस और बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।

# शासकीय महाविद्यालय में जैविक खेती पर सम्पन्न हुई कार्यशाला

**नवभारत न्यूज**
**सौंसर 30 जनवरी-** शहर के शासकीय महाविद्यालय में इको क्लब के तत्वावधान में केचुआ खाद और जैविक खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ पी एस परते हस्तें कियाग या। अवसर पर डॉ द्रोपदी परते ने जैविक खेती की विस्तार से समझाया एवं उसका प्रेजेंटेशन किया। डॉ नवीन कुमार चौरसिया ने केचुआ खाद और जैविक खेती को विस्तार से समझाया। इको क्लब प्रभारी डॉ संजय कुमार डेहरिया ने इको क्लब की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अवसर पर महाविद्यालयीन स्टॉफएवं छात्र छात्रायें उपस्थित थे।




# विश्वकर्मा जयंती के आयोजन के समापन पूर्व निकली पालखी यात्रा



**नवभारत न्यूज**
**पिपलानरायणवार 30 जनवरी-** नगर के वार्ड 12 में गत 24 जनवरी से जारी अखंड हरिनाम सप्ताह संकिर्तन एवं श्रीमद भागवत परायण के समापन की पूर्व संध्या पर भव्य पालखी यात्रा निकली। पांचाल सुतार समाज संगठन के तत्वाधान में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम की पालखी यात्रा आयोजन स्थल से निकलकर बस स्टैण्ड, राम मंदिर, बड चौक, गल चौक, महाजन मोहल्ला होते हुये आयोजन स्थल पहुची। जहा भजन मंडलो का श्रीफल भेटकर सत्कार किया। शनिवार को हभप पंकज महाराज ढाकरे के मुखारविंद से दहिलाही कीर्तन के साथ महाप्रसाद का वितरण होगा। संगठन ने क्षेत्रिय श्रद्धालूओं से कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।

# अब चिकित्सालय में अधिकारी कर्मचारियों की बायोमेट्रिक फेस रीडिंग सिस्टम से लगेंगी हाजरी

विधायक निलेश उइके द्वारा चिकित्सालय को भेट किया प्रोजेक्टर



**विधायक निधि से चिकित्सालय में बनेगा पार्किंग शेड**

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,30 जनवरी** ,नगर जिला मुख्यालय के शासकीय चिकित्सालय में आज क्षेत्रीय विधायक नीलेश उईके द्वारा रोगी कल्याण समिति की बैठक में बीएमओं को प्रोजेक्ट भेट किया इस दौरान चिकित्सकों द्वारा पार्किंग शेड बनाने की मांग को भी विधायक द्वारा सहर्ष स्वीकार करते हुए विधायक निधि से पार्किंग शेड बनाने की घोषणा भी कि गई। शुक्रवार को नगर की शासकीय चिकित्सालय के सभाकक्ष में क्षेत्रीय विधायक नीलेश उइके की अध्यक्षता में संपन्न हुई रोगी कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक में विधायक श्री उइके द्वारा बीएमओ डां.दीपेन्द्र सलामें को प्रोजेक्टर भेट किया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा यहां उपचारार्थ आने वाले मरीजों तथा इनके परिजनों द्वारा लाने जाने वाले वाहनों की पार्किंग के लिए शेड बनाने की मांग को भी विधायक श्री उइके द्वारा अपनी विधायक निधी से बनाकर देंने की बात कहीं गई । बैठक में समिति के पदाधिकारी तथा सदस्यों द्वारा विचार विर्मश कर लिए गए निर्णय के तहत अब चिकित्सालय में एक्स रे निकालने आने वाले बीपीएल राशन कार्ड धारियों कोा एक्स रे फ्री में तो वहीं अन्य सामान्य कार्डधारियों को महज 50 रुपए की राशि देंनी होगी,वहीं ईसीजी जांच के लिए सभी को 30 रुपये का भुगतान करना होगा । वहीं शासकीय चिकित्सालय में यहां वहां गंदगी करने वालों के साथ ही शराब पीकर आने तथा गुटखा खाते पाए जाने वालों से दो सौ रुपये को जुर्माना वसूल किया जाएगा ।

वहीं चिकित्सालय में आने वाले अधिकारी,कर्मचारियों की हाजरी अब बायोमेट्रिक फेस रीडिंग सिस्टम से ही कराए जाने के प्रस्ताव को भी समिति के सभी सदस्यों द्वारा अनिवार्य किया गया । इस बैठक में विधायक निलेश उइके,नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े,जनपद पंचायत अध्यक्षा लता तुमडाम,मनोनीत सदस्य कृष्णचंद खुडखुडिया ,अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्रीमती अलका इक्का, बीएमओ डां. दीपेंद्र सलामे,डां.विनीत श्रीवास्तव,डॉ. मिलिंद गजभिए ,सुरेश कुमार टेकाम, श्रीमती सरिता उके,देवराव कुभरे, राजेश हांड़े, श्रीमती रंजनी बंसोड,रमेश चिकाने,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

# सरस्वती स्कूल पहुचीं भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष श्रीमती पाठक



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना ,30 जनवरी,** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर मे आज प्रदेश भा ज पा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष श्रीमती नंदिता पाठक का आगमन हुआ इस अवसर पर श्रीमती पाठक ने नीति आयोग के तत्वावधान मे और अटल सारथी टीम के मार्गदर्शन मे गणतंत्र दिवस समारोह दिल्ली मे विशेष अतिथि के रुप मे सम्मिलित हुए विद्यालय के भैया शिवम बालपांडे और अर्पित डोंगरे का अभिनंदन किया। इस संक्षिप्त प्रवास के दौरान श्रीमती पाठक के साथ श्रीमती शकुन बालपांडे,श्रीमती क्रांति धोंडी, राहुल टोम्पे, राजु तहकीत, संदीप सकरडे भी उपस्थित हुए! श्रीमती पाठक ने विद्यालय मे स्थित अटल टिंकरिंग लैब का निरिक्षण किया,साथ ही भैया शिवम से दिल्ली प्रवास क दौरान आये अनुभवो पर चर्चा की,भैया द्वारा बनाये गये मॉडल का भी निरीक्षण किया और भैयाओ के उज्जवल भविष्य की कामना कीइस अवसर पर सभी आगंतुको का प्राचार्य दिलीप राऊत प्रधानाचार्य श्रीमती सुदीप कौर द्वारा तिलक वंदन एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया

इस अवसर पर। अध्यक्ष श्रीमान दत्ता भाऊ बनसोड, समिति सदस्या श्रीमती प्रज्ञाताई बनसोड प्राचार्य दिलीप राऊत, गुणवंता खोडे, देवराज बारंगे अटल लैब प्रभारी राहुल गायधने प्रमुख रुप से उपस्थित थे। दत्ता भाऊ बनसोड के आग्रह पर पुन: विद्यालय आने का आश्वासन श्रीमती नंदिता पाठक द्वारा दिया गया।

## नारायण देव मछिंन्द्रनाथ मनायेगा 3 दिवसीय बीज महोत्सव

**सौंसर 30 जनवरी-** आगामी 31 जनवरी से श्री नारायण देव मछिन्द्रनाथ भोई समाज संगठन के तत्वाधान में भव्य बीज महोत्सव का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय आयोजन में 31 जनवरी को सुबह 8 बजें से पशु पकडने का अभियान चलाया जायेगा, दोपहर 1 बजें श्री नारायण देव का पालखी नगर भ्रमण हेतू निकलेगा। 1 फ़रवरी को दोपहर 1 बजें श्री नारायण देव की महापूजा, 2 फ़रवरी को प्रात: 6 बजें देवफेरी निकलेगी, शाम 6 बजें प्रसाद वितरण होगा। इसीक्रम में 31 जनवरी को संगीतमय संध्या में प्रसिद्ध गायिका नितू खडसे एवं संभाजी बावने की प्रस्तुति, 1 फ़रवरी को भजन संध्या, 2 फ़रवरी को प्रसिद्ध गायक सनी अलबेला की संगीतमय प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम का आयोजन वार्ड 5 स्थित श्री नारायण देव मंदिर में किया जायेगा। आयोजकों ने क्षेत्रिय श्रद्धालूओं से लाभ लेने की अपील की है।



## करियर काउंसलिंग में मिला बच्चों कों मार्गदर्शन

**बड़चिचोली,30 जनवरी,** ग्राम बड़ चिचोली के शास .उच्च . माध्यम . विद्यालय में कक्षा 9 वी से 12 वी तक के छात्र/छात्राओं कों अपने भविष्य कों बेहतर बनानें हेतु दिनांक 27 से 31 जनवरी तक करियर मेला का आयोजन नियमित रूप से ऑनलाइन के माध्यम से किया जा रहा है। आज विद्यालय में ग्राम बड़ चिचोली के इंडियन बैंक मैनेजर श्री साहू सर, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित क्रीड़ा अधिकारी सुश्री रवीना उइके एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ चिचोली से सुश्री डॉ . अर्चना ढोबाले द्वारा बच्चों कों अपने लक्ष्य कों किस प्रकार से प्राप्त करना एवं सफलता हेतु कौन सा विषय चयनित करना के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। साथ ही सभी नें अपनी -अपनी सफलता प्राप्ति के अनुभव साँझा किये। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र गडकरी सर द्वारा बच्चों कों कक्षा 10 वी एवं 12 वी की वार्षिक परीक्षा सफलता पूर्ण उत्तीर्ण करने हेतु प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक कमलाकार लवाले, किशोर किनकर, प्रमोद तहकीत, विजयन्द्र बावने साथ ही शिक्षिका श्रीमती सुनीता घोगरकर, श्रीमती भारती मोहले, श्रीमती वैशाली माहले, श्रीमती अर्चना चौकीकर। कार्यक्रम का सफलता पूर्ण संचालन श्री जी . बी . वानखेड़े सर द्वारा किया गया ।



**बैठक** बैठक में संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी एवं सुश्री मेघा शर्मा, एसडीएम आदि मौजूद रहे

# अतिरिक्त कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री द्वारा संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा बैठक

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,30 जनवरी,** अतिरिक्त कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री द्वारा संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत प्राप्त कुल आवेदनों में लंबित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

संकल्प से समाधान योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत माइक्रो इरिगेशन एवं अंडर इंटरवेंशन, प्रधानमंत्री वंदना योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, अविवादित नामांतरण एवं बटवारा, चालू खसरा-खतौनी की प्रतिलिपि प्रदान करना, निर्माण श्रमिकों का पंजीयन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन योजना, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए जाति प्रमाण पत्र, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत स्थायी नवीन कनेक्शन हेतु मांग पत्र, जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लंबित आवेदनों की स्थिति पर चर्चा की गई।



अतिरिक्त कलेक्टर श्री अग्निहोत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकृत किया जाए और नागरिकों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी एवं सुश्री मेघा शर्मा, एसडीएम श्रीमती अल्का एक्का, तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती बंधु सूर्यवंशी, महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती ऊषा पंद्रे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजकुमार इवनाती सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे ।

# माहेश्वरी महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी गठन के साथ सम्पन्न कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**सौंसर 30 जनवरी-** गत दिवस राजस्थानी माहेश्वरी महिला मंडल की बैठक महेश वंदना से प्रारंभ हुई। बैठक में वरिष्ठ सदस्य श्रीमती शीला डांगरा, श्रीमती संतोष बागानी की उपस्थिति में सर्वसम्मनित से नवीन कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष कृष्णा मुंदडा, उपाध्यक्ष किरण बागानी, सचिव राखी सांवल, सहसचिव विशाखा सुदा, कोषाध्यक्ष वैशाली पालीवाल, सह कोषाध्यक्ष गायत्री डागा, संगठन मंत्री प्रतिभा चांडक, कविता बागानी, सूचना एवं प्रचारण मंत्री प्राची चांडक, तारा साबू, सुचिता बागानी, आरती शर्मा सहित कार्यकारिणी सदस्यों में नेहा भटटड, श्रद्धा सुदा, हिना चांडक, निकिता चांडक, नेहा राठी, नितीशा शर्मा, श्वेता चांडक का समावेश है। इसके पश्चात विधिवत रूप से हलदी-कुमकुम कार्यकम सम्पन्न हुआ। वही खेलकूद गतिविधियाॅ भी आयोजित की गई। अंत में पूर्ववत कार्यकारिणी पदाधिकारियों को पर्यावरण मित्र गोबर के स्वागत पुष्प् देकर सम्मानित किया। द्वितीय दिवस महिला स्वास्थ्य जागरूकता शिविर हुआ। जिसमें स्तर कैसंर से जुडे लक्षण, उपाय, योग पर प्रकाष डाला गया। शिविर में डॉ शीतल बोकडे, डॉ मृणालीनी कंटक, डॉ प्रिया मोहोड, डॉ श्वेता गजभियें ने सेवायें दी।

